# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 71 हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से किया सम्मानित, विशिष्ट हस्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला सम्मान।**
- **झारखंड हाईकोर्ट ने रिम्स निदेशक डॉक्टर राजकुमार को उनके पद से हटाये जाने के आदेश पर लगायी रोक, सरकार से मांगा जवाब।**
- **भाजपा ने राज्य के मंत्री हफीजुल हसन पर लगाये गंभीर आरोप, पार्टी प्रवक्ता अजय साह ने कहा–उनकी डिग्री का पाकिस्तान से है कनेक्शन।**
- **नक्सलियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता, लूगु पहाड़ मुठभेड़ में शामिल महिला नक्सली ने बोकारो में किया आत्मसमर्पण, खूंटी में दो उग्रवादी गिरफ्तार।**
- **और**
- **रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज भी हुई बारिश, तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट, मौसम विभाग ने एक मई तक तेज हवा के साथ बारिश का जताया पूर्वानुमान।**

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में पद्म पुरस्कार प्रदान किए। प्रथम चरण में ये पुरस्कार 71 विशिष्ट हस्तियों को विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण योगदान के लिए दिए गए। झारखंड के प्रसिद्ध लोक कलाकार महावीर नायक भी कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पद्मश्री पुरस्कार के लिए चुने गए हैं। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने रिम्स निदेशक डॉ. राजकुमार को उनके पद से हटाये जाने के सरकार के आदेश पर रोक लगा दी है। डॉ राजकुमार ने राज्य सरकार के इस आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि अदालत ने राज्य सरकार और अन्य को नोटिस जारी करते हुए शपथ पत्र के माध्यम से जबाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई छह मई को होगी।

********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा है कि वे हाईकोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं। कोडरमा में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से जल्द इस मामले में अदालत में जवाब दाखिल किया जायेगा। डा. अंसारी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में जब वह कुछ अच्छा करना चाहते हैं तो विपक्ष तरह–तरह के हथकंडे अपना कर कोर्ट पहुंच जाता है।

********************

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने रिम्स निदेशक मामले में हाईकोर्ट के फैसले को संविधान की जीत और सरकार की हार बताया है। उन्होंने राज्य के सभी ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों से डॉ राजकुमार की तरह लड़ाई लड़ने की अपील की है। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री से इस मामले की सीबीआई जांच की अनुशंसा करने की मांग की है।

********************

भारतीय जनता पार्टी ने राज्य के मंत्री हफीजुल हसन की डिग्री का पाकिस्तान से कनेक्शन होने का आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने आज रांची में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जिस यूनिवर्सिटी ने मंत्री हफीजुल हसन को डॉक्टरेट की उपाधि दी है वह संस्थान पूरी तरह से फर्जी है और उसका पाकिस्तान के साथ कनेक्शन है।

********************

रजिस्ट्रर टू कॉपी की मांग  को लेकर कई दिनों से धरने पर बैठे किसान जनता पार्टी के लोगो ने आज गिरिडीह जिले के तिसरी अंचल के सीओ के साथ दुर्व्यवहार किया। किसान जनता पार्टी की महिला कार्यकर्त्ताओं ने तिसरी अंचल के सीओ  को उनके केबिन मे बंद कर दिया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस पर उग्र प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया और कई गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पथराव में दो पुलिसकर्मी घायल हो गये। प्रदर्शनकारियों को शांत कराने के लिए पुलिस की ओर से हल्का बल प्रयोग किया। इस दौरान कई प्रदर्शनकारी भी घायल हुए हैं।

********************

बोकारो के नक्सल प्रभावित लूगु पहाड़ मुठभेड़ में सक्रिय रूप से शामिल प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी की सदस्य सुनीता मुर्मू उर्फ लीलमुनि मुर्मू ने आज बोकारो में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयारी और सीआरपीएफ कमांडेंट प्रकाश सी. बादल मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक ने नक्सलियों को चेतावनी दी कि वे सरेंडर कर दें अन्यथा मारे जायेंगे।

********************

इधर, खूंटी जिले में प्रतिबंधित नक्सली संगठन पीएलएफआई का एरिया कमांडर सोमलाल महली और उसका सहयोगी साड़ मुंडा को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी वरुण रजक ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया कि इन नक्सलियों के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

********************

गुमला जिले में पुलिस ने तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शम्भु कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने शहर के एक व्यवसायी से उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के नाम से रंगदारी मांगी थी।

********************

**और अब कुछ संक्षिप्त खबरें**

- विनोबा भावे विश्वविद्यालय में कैंपस डेवलपमेंट प्रोग्राम तैयार किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि इसका उद्देश्य छात्रों को सुविधा प्रदान करना है।
- पूर्वी सिंहभूम जिले में आदर्श सेवा संस्थान और जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क ने बाल विवाह रोकने के लिए बाल विवाह रोकने के लिए जागरुकता अभियान शुरु किया है। इस मामले में धर्मगुरुओं से समर्थन की मांग की गयी है।
- गुमला जिले के जारी प्रखंड में आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं स्थानीय विधायक ने संयुक्त रूप से नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि अब यहां के लोगों को इलाज के लिए दूसरे शहर नहीं जाना पड़ेगा।

********************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में मौसम में बदलाव से तापमान भारी गिरावट दर्ज की गई है। रांची में तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयी है। मौसम विभाग ने एक मई तक तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

********************

10वीं झारखंड राज्य बालक–बालिका कबड्डी प्रतियोगिता खूंटी जिले के बिरसा कॉलेज में आज से शुरू हो गया है। प्रतियोगिता में 21 जिलों की 39 टीम भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने किया।